**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3017**
**13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**बलिया में एम्स**

**3017. श्री सनातन पांडेय:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की योजना बलिया जिले में एम्स अस्पताल स्थापित करने की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस संबंध में कोई सर्वेक्षण किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार इस संबंध में भूमि अधिग्रहण करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (घ): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, उत्तर प्रदेश राज्य में 2 एम्स, एक एम्स रायबरेली में और दूसरा एम्स गोरखपुर में जो संचालनरत हैं, सहित 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को मंजूरी दी गई है।
इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए, पीएमएसएसवाई के एक अन्य घटक के तहत सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों की निम्नलिखित ग्यारह (11) उन्नयन परियोजनाओं को केंद्र-राज्य लागत साझाकरण के आधार पर मंजूरी दी गई है: (i) एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ ( ii) आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी में ट्रॉमा सेंटर (iii) जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज ऑफ अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ (iv) एमएलबी सरकारी मेडिकल कॉलेज, झांसी (v) बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर (vi) एमएलएन मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद (vii) एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज, मेरठ (viii) एसएन मेडिकल कॉलेज, आगरा (ix) जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर (x) इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आईएमएस), बीएचयू, वाराणसी में एसएसबी और (xi) आईएमएस, बीएचयू वाराणसी में आरआईओ।

पीएमएसएसवाई के वर्तमान चरण में, उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एम्स की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****